बड़े दिनों से श्याम हम मिल नहीं पाए है भजन लिरिक्स

बड़े दिनों से श्याम,
हम मिल नहीं पाए है,
देखे बिना तुमको,
नैना भर आये हैं,
सांवरे दे दो दरस सांवरे,
सांवरे दे दो दरस सांवरे।bd।

तर्ज – तुमसे जुदा होकर।

जबसे नहीं देखा,
ये मन घबराया है,
तेरी हर यादों ने श्याम,
मेरे आंसू लाया है,
रो रोकर अपना हाल,
तुमको सुनाये हैं,
देखे बिना तुमको,
नैना भर आये हैं,
सांवरे दे दो दरस सांवरे,
सांवरे दे दो दरस सांवरे।bd।

माना की हमने तो,
गलती थोड़ी कर दी,
पर तुमने तो बाबा,
बड़ी लम्बी सजा दे दी,
गलती की माफ़ी दो,
ये अर्ज़ लगाए हैं,
देखे बिना तुमको,
नैना भर आये हैं,
सांवरे दे दो दरस सांवरे,
सांवरे दे दो दरस सांवरे।bd।

तेरे दर्शन बिन पाए,
हम रह नहीं पाएंगे,
दिल में है दर्द बड़े,
किसे जाके सुनाएंगे,
'रजत' ने तुम्हे बाबा,
अपने दिल में बसाये हैं।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

देखे बिना तुमको,
नैना भर आये हैं,
सांवरे दे दो दरस सांवरे,
सांवरे दे दो दरस सांवरे।bd।

बड़े दिनों से श्याम,
हम मिल नहीं पाए हैं,
देखे बिना तुमको,
नैना भर आये हैं,
सांवरे दे दो दरस सांवरे,
सांवरे दे दो दरस सांवरे।bd।

Singer – Ram Shyam Bandhu

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com